हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 21 जुलाई 2026

04 सिफारिशें व हथकंडे बेअसर, भाजयुमो में ...



07 पुरानी लाइब्रेरी के स्थान पर बनेगा शॉपिंग मॉल...





## खबर संक्षेप

### युवा संगम का आयोजन 27 जुलाई को

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पॉल के मार्गदर्शन व निदेशन में युवाओ को रोजगार एंव स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन 27 जुलाई को प्रातः 11 बजे से शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय सागर के परिसर में किया जाएगा। आयोजित युवा संगम कार्यक्रम में रोजगार मेला तथा अप्रेन्टिसशिप मेला के माध्यम से निजी क्षेत्र की कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आवेदको का साक्षात्कार लेकर चयन किया जावेगा। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओ की जानकारी तथा ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। आवेदको कों साक्षात्कार के लिये रोजगार कार्यालय का पंजीयन, संमग्र आई डी, दो पासपोर्ट साइज के फोटो, शैक्षणिक योग्यता संबंधी (अंकसूची) प्रमाण पत्र अपने साथ आवश्यक रूप से लाये। कंपनीयों के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आवेदकों का साक्षात्कार के माध्यम से विभिन्न पदों के लिये चयन किया जावेगा।

### नशा मुक्ति जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**सागर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरानी सदर, सागर में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा "नशा से दूरी है जरूरी" विषयक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के संयुक्त संचालक डॉ. डी.एस. यादव, प्रांत पर्यावरण प्रभारी भारत विकास परिषद डॉ. यू.बी.एस. गौर, उपाध्यक्ष व्यास जी, सहायक जिला अधिकारी आबकारी विभाग दिलीप सिंह, आबकारी उप निरीक्षक सियाराम चौधरी, स्कूल प्राचार्य रविंद्र कुमार जैन, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर असगर कुरैशी, शासकीय कला पथक दल के कलाकार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों एवं नशा मुक्ति के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।

### सर्प काटने पर झाड़ फूंक नहीं अस्पताल भेजें

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी रहली कुलदीप पाराशर के द्वारा सर्प दंश का झाड़ फूंक के द्वारा इलाज करने वालों की जानकारी लेकर उनकी एक बैठक ली गई। बैठक में विभिन्न ग्रामों के ऐसे व्यक्तियों को समझाइश दी गई कि सांप काटने पर यदि कोई उनके पास आता है तो उसे शासकीय अस्पताल में भेजें, झाड़ फूंक से इलाज न करें। सर्प दंश से मृत्यु के मामलों में अब डेथ ऑडिट कराया जाएगा। झाड़ फूंक से इलाज का दावा करने वालों पर कार्यवाही भी होगी। अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि ऐसी घटना होने पर तत्काल नजदीकी शासकीय अस्पताल में पीड़ित व्यक्ति को ले जायें। किसी भी प्रकार की भ्रांति या झाड़ फूंक इत्यादि में समय खराब न करें। उन्होंने खंड चिकित्सा अधिकारी से जानकारी प्राप्त कर बताया है कि रहली और गढ़ाकोटा के शासकीय अस्पताल में एंटी वेनम इंजेक्शन पर्याप्त मात्रा मे उपलब्ध है। स्वास्थ्य, राजस्व, पंचायत और नगरीय निकाय के मैदानी कर्मचारियों को इसका प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिये है। बैठक में तहसीलदार रहली राजेश पांडे और तहसीलदार गढ़ाकोटा महेश दुबे उपस्थित रहे।

## विधायक गोपाल भार्गव ने दी कई विकास कार्यों की सौगात

# सहजपुरी खुर्द में 20.82 लाख की लागत से बने नए पंचायत भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

क्षेत्रीय विकास की कड़ी में ग्राम पंचायत सहजपुरी खुर्द को एक बड़ी सौगात मिली है। पूर्व मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक पंडित गोपाल भार्गव ने 20.82 लाख की लागत से नवनिर्मित पंचायत भवन का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से लोकार्पण किया।

लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक गोपाल भार्गव ने कहा कि क्षेत्र का चहुंमुखी विकास ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने ग्रामीणों को प्रेरित करते हुए कहा समाज में जब भी कोई अच्छा और विकासात्मक कार्य हो, तो उसकी खुलकर सराहना की जानी चाहिए। इससे कार्य करने वालों का उत्साहवर्धन होता है और क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।



### इन विकास कार्यों को मिली हरी झंडी

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगातें देते हुए विधायक भार्गव ने आगामी विकास कार्यों की स्वीकृति की घोषणा की। स्वीकृत हुए प्रमुख कार्यों में शामिल हैं: सुनार नदी पर पुल निर्माण, ढोंढा में सामुदायिक भवन का निर्माण, बाबूलाल के घर से ढोंढा घाट तक सड़क निर्माण, पेयजल संकट के समाधान के लिए नए बोरवेल निर्माण सहित अनेक छोटे-बड़े विकास कार्य।

समारोह को जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश कपस्या ने भी संबोधित किया, जबकि मंच का सफल संचालन नगर मंडल अध्यक्ष महेश यादव द्वारा किया गया। इस गरिमामयी अवसर पर पवन नायक, सरपंच अवधरानी चित्तर पटेल, राघवेंद्र सिंह राजपूत, अक्षय चौरसिया, विकास चौरसिया, सतीश अवस्थी, सोनू सेन, मनोज पटेल, कमलेश पटेल, चंद्रभान पटेल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या,तत्काल पहुंची पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा

सागर जिले के गढ़ाकोटा थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने घर में ही अपने ही घर में फांसी लगाकर जान दे दी। जिससे नगर सनसनी फ़ैल गयी। खबर लगते ही मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गयी। वहीं तत्काल पुलिस को सूचना दी गयी। जिसके बाद थाने से डायल 100 सहित पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और डेड बॉडी को अस्पताल भेजा गया। जहां पीएम कराये जाने के बाद डेड बॉडी परिजनों को सौंपी गयी है। ये पूरी घटना गढ़ाकोटा के भगत सिंह वार्ड की है।

हालांकि शुरूआती तौर पर इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है की आखिर व्यक्ति ने ऐसा कदम क्यों उठाया। इसके पीछे की असल वजह क्या है। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है जांच पड़ताल के बाद भी साफ़ हो पायेगा की युवक ने घातक कदम क्यों और किन परिस्थितियों में उठाया है।मृतक का नाम सज्जू बाल्मीकि बताया जाती रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक गढ़ाकोटा थाना अंतर्गत भगत सिंह वार्ड में एक व्यक्ति द्वारा



अपने घर में ही जान देने की बात सामने आई थी। घटना रविवार की रात की बताई जा रही है। जहां सज्जू बाल्मीकि ने अपने घर के ऊपर वाले कमरे में जान दे दी। सूचना मिलते ही डायल 112 और पुलिस टीम मौके पर पहुंची जहां साक्ष्य जुटाए गए। वहीं बॉडी को सामुदायिक अस्पताल भेजा।

इस बात की खबर लगते ही मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गयी थी। सज्जू बाल्मीकि ने जान आखिर क्यों दी पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी है।गढ़ाकोटा थाने में पदस्थ मुंशी राजेश पाण्डेय ने बताया कि सज्जू पिता बिहारी बाल्मीकि उम्र 48 साल निवासी भगतसिंह वार्ड ने अज्ञात कारणों से जान दी है। मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है।



### तुलसी फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने मां नर्मदा का पूजन कर लिया आशीर्वाद

**सागर।** तुलसी फाउंडेशन कावड़ यात्रा के पदाधिकारियों ने रविवार को बरभान पहुंचकर मां नर्मदा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान मां नर्मदा को चुनरी अर्पित कर नारियल भेंट किया गया तथा आगामी कावड़ यात्रा के सफल, मंगलमय एवं निर्विघ्न आयोजन की कामना की गई। पूजन के दौरान पदाधिकारियों ने मां नर्मदा से सागर,प्रदेश एवं देशवासियों की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली की प्रार्थना भी की। साथ ही यह संकल्प लिया गया कि इस वर्ष भी तुलसी फाउंडेशन कावड़ यात्रा पूरी श्रद्धा, भक्ति और अनुशासन के साथ आयोजित की जाएगी। तुलसी फाउंडेशन कावड़ यात्रा के अध्यक्ष प्रदीप राजौरिया ने कहा कि मां नर्मदा का आशीर्वाद ही कावड़ यात्रा की सबसे बड़ी शक्ति है। प्रत्येक वर्ष यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व मां नर्मदा के चरणों में पूजन-अर्चन कर सफल आयोजन की प्रार्थना की जाती है। उक्त अवसर पर तुलसी फाउंडेशन कावड़ यात्रा के पदाधिकारी बृजमोहन पाठक, जुगल किशोर पचौरी, मनीष नेमा, योगेश नेमा, अनिल सैनी, नरेंद्र पाराशर सहित बड़ी संख्या में शिवभक्त उपस्थित रहे।



### गोचर भूमि अतिक्रमण मामला: 11 गौ सेवकों पर एफआईआर : खिमलासा में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

खुरई में गौ सेवकों ने गोचर भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था। इस प्रदर्शन के बाद पुलिस ने 11 गौ सेवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गौ सेवकों ने अब मुख्यमंत्री, पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर दर्ज मामलों को निरस्त करने की मांग की है।ज्ञापन में बताया गया है कि पिछले तीन वर्षों में गोचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने और गायों को न्याय दिलाने के लिए शासन-प्रशासन को लगभग 166 आवेदन दिए गए हैं। हाल ही में, खिमलासा में गोचर भूमि मुक्त कराने के लिए 30 जून को लिखित सूचना दी गई थी। इसके बाद सड़क पर प्रदर्शन के दौरान 11 गौ सेवकों पर प्रकरण दर्ज किया गया। इनमें खिमलासा निवासी गौ सेवक हरिकिशन सेन को रात भर थाने में रखने के बाद जेल भेजा गया। गौ सेवकों ने आरोप लगाया कि इस घटना के अगले दिन सागर के बीएमसी मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों और स्टाफ द्वारा किए गए चक्काजाम पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। उस चक्का जाम के कारण कई एंबुलेंस और मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा था। गौ सेवकों ने मांग की है कि या तो उन पर हुई कार्रवाई निरस्त की जाए, या मेडिकल स्टाफ और डॉक्टरों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए। गौ सेवकों का कहना है कि सागर जिले के अधिकारियों ने 164 आवेदन प्राप्त होने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि अपनी नाकामी छिपाने के लिए 11 गौ सेवकों पर जबरन कार्रवाई की गई है। उन्होंने सिवनी मालवा में 14 गौ सेवकों को आजीवन कारावास की सजा दिए जाने का उदाहरण भी दिया। गौ सेवकों ने चेतावनी दी है कि यदि उनके खिलाफ की गई कार्रवाई तत्काल निरस्त नहीं की जाती है, तो सभी हिंदू संगठन, गौ सेवक और सामाजिक संगठन सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## आईटीएमएस के चालानों का भुगतान न करने पर वाहन जब्ती की होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

यातायात पुलिस सागर द्वारा शहर में स्थापित आधुनिक सीसीटीवी कैमरा प्रणाली के माध्यम से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों की निरंतर निगरानी की जा रही है। इस प्रणाली से प्राप्त वीडियो साक्ष्यों के आधार पर स्वचालित चालान तैयार किए जाते हैं, जिससे यातायात व्यवस्था में पारदर्शिता एवं अनुशासन सुनिश्चित किया जा सके।

इसी क्रम में वाहन क्रमांक एमपी 15 एनएच 6873 के विरुद्ध कुल 35 चालान सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निर्मित पाए गए। वाहन चालक द्वारा चालान राशि का भुगतान न किए जाने पर उक्त वाहन को यातायात पुलिस सागर द्वारा जब्त किया गया। तत्पश्चात समन शुल्क एवं जुर्माना की कुल राशि 19,000/- जमा कराए जाने के उपरांत वाहन को नियमानुसार छोड़ा गया। तथा एक और वाहन क्र. एमपी 15जेडई 0192 के वाहन के ऊपर 60 चालान होना पाये जाने से चालक द्वारा राशि का भुगतान न किए जाने पर उक्त वाहन को यातायात पुलिस द्वारा जब्त किया गया है, जिसका भुगतान करने के उपरांत ही यातायात पुलिस द्वारा वाहन छोडे जाने की कार्यवाही की जावेगी ।

यातायात पुलिस सागर द्वारा ऐसे सभी वाहन चालकों को चिन्हित किया जा रहा है जो चालान राशि का भुगतान नहीं कर रहे हैं। उनके विरुद्ध वाहन जब्ती, समन शुल्क वसूली तथा वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी ताकि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। आम नागरिकों से अपील की जाती है कि वे अपने चालान की राशि समय पर जमा करें, जिससे न्यायालय में विलंब से भुगतान करने पर लगने वाले अतिरिक्त जुर्माने से बचा जा सके। चालान की जानकारी नागरिक यातायात पुलिस सागर कार्यालय अथवा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं।

यातायात पुलिस सागर सभी वाहन चालकों से अपेक्षा करती है कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाएँ, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करें तथा सुरक्षा के दृष्टिगत रजिस्ट्रेशन नम्बर प्लेट का ही उपयोग करें। नागरिकों का सहयोग ही सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित यातायात व्यवस्था की नींव है।

### शरीर में जब तक आत्मा है, तब तक मनुष्य का जीवन है: आत्मानंद

**सागर।** कच्छ कडवा पाटीदार समाज द्वारा पटकुई वरारू स्थित कुबेर वाटिका में श्रीमद भागवत कथा के पहले दिन नीलगिरी पीठाधीश्वर आत्मानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि मनुष्य आत्मा है, आत्मा का रूप सच्चानंद शरीर है। शरीर एक साधन है जहां आत्मा निवास करती है। जिस दिन आत्मा नहीं रहेंगी उस दिन शरीर को मुर्दा, देह, बॉडी का नाम दिया जाता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य का जन्म चैरासी लाख योनी के बाद इंसान के रूप में हुआ है। इंसान बिना किसी नाम और जाति के साथ इस धरती पर जन्म लेता है। शरीर के साथ नाम और जाति जुड जाती है। आत्मा का श्रृंगार सत्संग है। उन्होंने कहा साधना के द्वारा स्वरूप का बोध होता है। साथ ही सर्वत्र परमात्मा ही आत्मा है। आत्मा और परमात्मा से प्रेम करना सीखें। परम सुख, शास्वत सुख की प्राप्ति है। मनुष्य के कर्मों से आत्मा मानी जाती है। आत्मानंद महाराज ने कहा कि भगवान जब कृपा करते है तब संत सद्गुरु से मिलवा देते है। हर एक मनुष्य के हृदय में भगवान है। इस संसार का कोई अस्तित्व नहीं है, मोह को त्याग देने से ईश्वर की प्राप्ति होती है। भगवान का नाम और कथाओं का सार श्रीमद्भागवत कथा है। जब व्यक्ति कठिन समय में धर्म, न्याय को नहीं छोडे वहीं सच्चा भक्त होता है। इस कथा का आयोजन मौनी बाबा के संकल्प से हुआ है। कथा श्रवण करने मौनी बाबा, संत शिवदास महाराज गंजबासौदा, कथा के मुख्य यजमान पंडित दिनेश, पुष्पा शुक्ला सहित बडी संख्या में भक्त मौजूद रहे।



### जैन हाई स्कूल में हुआ पौधारोपण

**सागर।** जैन हायर सेकेंडरी स्कूल एवं जैन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में परिसर में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमंत सेठ उदयचंद जैन ने की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राजीव चौधरी, सचिव डॉ केके सराफ, सह सचिव विमल जैन, डॉ अरुण सराफ, डॉ अरुण सिंघई एवं अनिल जैन एवं एड. अरविंद जैन उपस्थित रहे। प्राचार्य रजनीश जैन ने एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। मंचासीन अतिथियों के साथ स्कल शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं तथा एनसीसी कैड्ट्स ने पौधारोपण किया। अध्यक्षीय भाषण में जैन ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाए जाने पर जोर दिया. कार्यक्रम में प्राचार्य पवन जैन ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नितिन तिवारी, वैशाली अग्रवाल, एसके पांडे, प्रतिभा जैन, अनामिका तिवारी सहित स्टाफ मौजूद रहा।

## कहा: व्यावहारिक कठिनाइयों से प्रभावित हो रहे शासकीय कार्य

# सार्थक ऐप से उपस्थिति का पंचायत सचिवों व रोजगार सहायकों ने किया विरोध, पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जनपद पंचायत शाहगढ़ के पंचायत सचिवों एवं रोजगार सहायकों ने ग्राम पंचायत स्तर पर सार्थक मोबाइल ऐप के माध्यम से अनिवार्य उपस्थिति दर्ज कराने की व्यवस्था का विरोध करते हुए पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने कहा कि पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायकों की कार्यप्रणाली पूरी तरह फील्ड आधारित है, इसलिए निर्धारित स्थान एवं समय पर ऐप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करना व्यवहारिक नहीं है। उन्होंने शासन से इस व्यवस्था में संशोधन करने अथवा इसे स्थगित या निरस्त करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य प्रतिदिन सुबह 8 बजे से प्रारंभ हो जाते हैं। पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायकों को सुबह से ही निर्माण स्थलों पर पहुंचकर कार्यों की निगरानी, जियो टैगिंग, एमआईएस अपडेट, एम-एक्शन पोर्टल तथा पंचायत दर्पण पोर्टल पर ऑनलाइन प्रविष्टियां करनी पड़ती हैं। ऐसी स्थिति में



निर्धारित स्थान पर पहुंचकर सार्थक ऐप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराना संभव नहीं हो पाता, जिससे विकास कार्यों की गति भी प्रभावित होती है।कर्मचारियों ने कहा कि उन्हें दिनभर विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण, योजनाओं का क्रियान्वयन, हितग्राहियों का सत्यापन, सर्वेक्षण और शासन के निर्देशानुसार लगातार ग्रामों का भ्रमण करना पड़ता है। ऐसे में किसी एक स्थान पर निर्धारित समय पर उपस्थित होकर उपस्थिति दर्ज करना उनके कार्य की प्रकृति के अनुरूप नहीं है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि अवकाश के दिनों में भी ग्राम सभाएं, विशेष अभियान, सर्वेक्षण, जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े कार्यक्रम तथा अन्य शासकीय गतिविधियां आयोजित होती रहती हैं, जिनमें पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायकों की उपस्थिति अनिवार्य होती है। ऐसी परिस्थितियों में भी सार्थक ऐप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराने की बाध्यता व्यावहारिक कठिनाइयां उत्पन्न करती है।पंचायत कर्मियों ने बताया कि मनरेगा के अंतर्गत पहले से ही मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति एवं निर्माण कार्यों की निगरानी की व्यवस्था लागू है। इसके अतिरिक्त अलग से सार्थक ऐप पर उपस्थिति दर्ज कराना समय की अनावश्यक बर्बादी है, जिससे अन्य महत्वपूर्ण शासकीय कार्य प्रभावित होते हैं।

ज्ञापन में यह भी कहा गया कि शासन द्वारा संचालित विभिन्न ऑनलाइन पोर्टलों एवं ऐप पर महाअभियान और सर्वेक्षण के दौरान अत्यधिक ट्रैफिक रहता है। ऐसे में अधिकांश ऑनलाइन कार्य सुबह जल्दी या देर शाम पूरे करने पड़ते हैं। सार्थक ऐप की निर्धारित समय-सीमा के कारण कर्मचारियों को अतिरिक्त परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### स्थायी कर्मियों, दैनिक वेतनभोगी और मस्टरकर्मियों के नियमितीकरण के संबध में बैठक आयोजित



**सागर।** नगर निगम में कार्यरत स्थायी कर्मी कर्मचारियों का नियमिती करण किए जाने के संबंध में निगम सभाकक्ष संयुक्त मोर्चा के तत्वधान में समस्त सामान्य एवं सफाई से कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई । बैठक में संयुक्त मोर्चा के निर्णय अनुसार संघर्ष समीति का गठन किया गया। निगम के सभी विभागों में कार्यरत स्थामीकर्मी, दैनिक वेतन भोगी एवं मस्टरकर्मी जिनका नियमितीकरण किया जाना है सभी नेता पदाधिकारियों ने इंदौर की तर्ज पर नियमितिकरण किये जाने हेतु मौखिक सहमति दी। बैठक में समिति का गठन किया गया जिसमें स्थायीकर्मी, दैनिक वेतनभोगी एवं मस्टरकर्मियों को शामिल किया गया है, जिनमें विकास उपाध्याय, दिनेश कन्नौजिया, राजेंद्र सनकत, सफाई मजदूर कांग्रेस के अध्यक्ष कमलेश डागौर, प्रसन्न तिवारी, अजय मछन्दर, अभय सेन, शकुन्तला गोस्वामी, सुषमा करोसिया, गीता मिश्रा(स्कूल), राजकुमारी महावत, कविता, अरुण यादव, विनोद साहू, राजेन्द्र मलैया, सुनीता करोसिया, अशरफ अली, संजय रैकवार है। सभी समिति के सदस्य नियमितीकरण हेतु आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

## देर आये दुरुस्त आये कि तर्ज पर संकल्प जैन बने जिलाध्यक्ष

# सिफारिशें व हथकंडे बेअसर, भाजयुमो में काबिलियत पर लगी मुहर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ टीकमगढ़

लंबे इंतजार, संगठन के भीतर चली गहन मंथन प्रक्रिया और कई स्तरों पर हुई चर्चाओं के बाद आखिरकार भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने देर से ही सही लेकिन टीकमगढ़ जिले को नया जिलाध्यक्ष दे दिया। जिले में इस पद को लेकर कई दिनों से सियासी हलचल बनी हुई थी। विभिन्न दावेदारों के समर्थन में सिफारिशों और अलग-अलग स्तर पर अपनाये गये हथकंडो और प्रयासों की चर्चाएं भी लगातार सोशल मीडिया और राजनीतिक गलियारों में चर्चा का मुख्य बिषय बनी रहीं। लेकिन देर आये दुरुस्त आये कि तर्ज पर अंततः संगठन ने सभी तरह के दबावों और चर्चाओं को दरकिनार करते हुए काबिलियत, संगठनात्मक अनुभव और सक्रिय कार्यशैली को प्राथमिकता दी तथा संकल्प जैन को भाजयुमो टीकमगढ़ का नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने संकल्प जैन की नियुक्ति का आधिकारिक पत्र जारी किया। नियुक्ति की घोषणा के साथ ही भाजपा और भाजयुमो कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। गांधी चौराहा और ईदगाह मार्केट सहित विभिन्न स्थानों पर समर्थकों ने आतिशबाजी कर मिठाइयां बांटी और नारेबाजी करते हुए नए जिलाध्यक्ष का स्वागत किया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष पद को लेकर पिछले कई दिनों से जिले में राजनीतिक सरगर्मियां तेज थीं। अलग-अलग नेताओं द्वारा अपने-अपने समर्थकों को इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिलाने को लेकर बिभिन्न प्रयास किए जाने की चर्चाएं भी लगातार होती रहीं। यही वजह रही कि संगठन को अंतिम निर्णय लेने में अपेक्षाकृत अधिक समय लगा। हालांकि अंत में संगठन ने देर आए, दुरुस्त आए की तर्ज पर ऐसा निर्णय लिया, जिसने यह संदेश देने का प्रयास किया कि संगठन में जिम्मेदारियां अंततः योग्यता, सक्रियता और संगठन के प्रति समर्पण के आधार पर ही सौंपी जाती हैं। संकल्प जैन का संगठनात्मक सफर छात्र जीवन से ही शुरू हुआ। उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) में वर्ष 2013 से सक्रिय भूमिका निभाते हुए महाविद्यालय सह मंत्री, महाविद्यालय मंत्री, नगर सह मंत्री, नगर मंत्री, छात्रसंघ सचिव, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य, जिला सह संयोजक, प्रांत कार्यसमिति सदस्य, विभाग संयोजक और प्रांत सहमंत्री सहित अनेक महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। संगठन के विभिन्न आंदोलनों, अभियानों और विस्तार कार्यों में उनकी सक्रिय भागीदारी रही है।



### जैन के जिला अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह

भाजपा के विभिन्न अभियानों में भी उन्होंने महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। वे स्टूडेंट्स फॉर वन नेशन-वन इलेक्शन जैसे महत्वपूर्ण अभियान के जिला संयोजक, अहिल्याबाई होलकर 300वीं जयंती अभियान के सह संयोजक तथा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के जिला सह संयोजक रहे हैं। उनकी संगठनात्मक क्षमता और कार्यकर्ताओं के बीच सक्रिय उपस्थिति को उनकी सबसे बड़ी ताकत माना जाता है। शैक्षणिक क्षेत्र में भी संकल्प जैन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने बी.कॉम., एम.कॉम. और एलएलबी की शिक्षा प्राप्त की है तथा वर्तमान में पीएचडी कर रहे हैं। राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव-2019 में प्रतिनिधि के रूप में भाग लेने के साथ ही शुद्ध के लिए युद्ध अभियान में प्रदेश स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा यूथ महापंचायत और मां तुझे प्रणाम जैसे कार्यक्रमों में भी उनकी सक्रिय सहभागिता रही है। नवनियुक्त भाजयुमो जिलाध्यक्ष संकल्प जैन ने नियुक्ति पर शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका पहला लक्ष्य संगठन को मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाना होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को सम्मान और जिम्मेदारी देते हुए जिले के अधिक से अधिक युवाओं को भारतीय जनता युवा मोर्चा से जोड़ने का अभियान चलाया जाएगा तथा संगठन की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य किया जाएगा।

## टक्कर के बाद पेड़ से भिड़ी कार, दो महिलाएं व दो बच्चे गंभीर

# बस का इंतजार कर रहे चार लोगों को तेज रफ्तार कार ने रौंदा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ टीकमगढ़



रविवार शाम टीकमगढ़-झांसी हाईवे पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। दिगौड़ा थाना क्षेत्र के दोर गांव के पास एक तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे बस का इंतजार कर रहे चार लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दो महिलाएं और दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। दुर्घटना में कार का चालक भी घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार 45 वर्षीय पार्वती पत्नी गोविंददास चढ़ार, 40 वर्षीय प्रियंका पत्नी सुरेश चढ़ार, 11 वर्षीय शिवम पिता सुरेश और 9 वर्षीय बिट्टू पिता सुरेश सड़क किनारे खड़े होकर बस का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान तेज गति से आई कार ने चारों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोग घायलों की मदद के लिए दौड़ पड़े। परिजनों का आरोप है कि कार चालक नशे की हालत में वाहन चला रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार ने पहले सड़क किनारे खड़े लोगों को टक्कर मारी और उसके बाद अनियंत्रित होकर पेड़ से जा भिड़ी। हालांकि चालक के शराब के नशे में होने की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी। घटना की सूचना मिलते ही दिगौड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। 108 एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों महिलाओं और दोनों बच्चों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

पुलिस के अनुसार, हादसे में घायल कार चालक बेहोशी की हालत में मिला, जिसका उपचार जारी है। पुलिस ने दुर्घटना का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चालक की चिकित्सीय जांच कराई जा रही है तथा दुर्घटना के वास्तविक कारणों की भी पड़ताल की जा रही है। इस हादसे ने एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के खतरों को उजागर कर दिया है।

## पलेरा की जुड़वा बेटियों ने रचा सफलता का नया इतिहास

# एक सपना..दो जुड़वा बहनें..एक साथ किया नीट फतह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पलेरा



मन में विश्वास हो तो कड़ी मेहनत की दम पर हर सफलता हासिल की जा सकती है। इसी सोच को साकार करती हुई दो जुड़बा बहनो ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। पलेरा नगर की जुड़वा बहनों अंशिता पांडेय और अंशिका पांडेय ने देश की प्रतिष्ठित नीट-2026 मेडिकल प्रवेश परीक्षा में एक साथ सफलता हासिल कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे टीकमगढ़ जिले और बुंदेलखंड का नाम गौरवान्वित किया है। दोनों बहनों की इस उपलब्धि से नगर में खुशी और गर्व का माहौल है तथा उन्हें लगातार बधाइयां मिल रही हैं।

बचपन से साथ-साथ पढ़ने और आगे बढ़ने वाली दोनों बहनों का सपना डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना था। इसी लक्ष्य को लेकर उन्होंने पूरी लगन, अनुशासन और अथक परिश्रम के साथ तैयारी की। दिन-रात की मेहनत, आत्मविश्वास और मजबूत इरादों का ही परिणाम रहा कि दोनों बहनों ने एक साथ नीट परीक्षा में सफलता हासिल कर अपनी मंजिल की ओर मजबूत कदम बढ़ा दिए। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए तो सफलता निश्चित मिलती है।

अंशिता और अंशिका प्रतिष्ठित शिक्षाविद एवं पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी तथा पूर्व प्राचार्य के.पी. त्रिपाठी की पौत्रियां हैं। दोनों ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा टी मेमोरियल पब्लिक स्कूल, पलेरा से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने एंजिल स्कूल और मारिया माता स्कूल, छतरपुर से आगे की शिक्षा हासिल की। उनकी माता प्रतिभा पांडेय शिक्षिका हैं, जबकि पिता हरिओम पांडेय प्रयागराज स्थित अलौकिक फार्मेसी के संचालक हैं। परिवार के शैक्षणिक और प्रेरणादायी वातावरण ने दोनों बहनों को अपने लक्ष्य तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। परिजनों ने बताया कि दोनों बहनों ने अपनी पढ़ाई के दौरान समय का बेहतर प्रबंधन करते हुए पूरी निष्ठा के साथ तैयारी की। उन्होंने मनोरंजन और अन्य गतिविधियों से दूरी बनाकर केवल अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित किया, जिसका परिणाम आज पूरे परिवार के लिए गर्व का विषय बन गया है। दोनों बहनों की सफलता पर दादा विनोद कुमार पांडेय और शिक्षाविद के.पी. त्रिपाठी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल परिवार की नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों बेटियां भविष्य में उत्कृष्ट चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करेंगी। इस उपलब्धि पर भगवती देवी, राजकुमारी, पी.आर. शुक्ला, के.के. त्रिपाठी, सुरेंद्र त्रिपाठी, डॉ. विपुल शुक्ला, डॉ. वैभव शुक्ला, देवांश पांडेय, दर्शन त्रिपाठी, सोनी, मोनी त्रिपाठी, आर.डी. पाठक, कुंजबिहारी त्रिपाठी, प्रेमनारायण मिश्रा, देवेंद्र कुमार तिवारी, श्यामाचरण मिश्रा, हरिशंकर गंगेले, वी.वी.एल. गुप्ता, आत्माराम दीक्षित, पी.एल. रावत, आनंद कुमार द्विवेदी, ओमप्रकाश तिवारी, चंद्रभान शर्मा, कौशल किशोर तिवारी, इंद्रपाल सिंह, अज्जू खान, रविशंकर सिंगैया सहित बड़ी संख्या में शुभचिंतकों ने दोनों बहनों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंशिता और अंशिका की उपलब्धि ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के बल पर कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता।

तड़के 3 बजे आसमानी कहर ने छीनी किसान की जिंदगी

# खेत पर बने टपरे पर गिरी आकाशीय बिजली से किसान की दर्दनाक मौत, परिवार में मचा कोहराम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ टीकमगढ़



जिले के दिगौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम बीरऊ में सोमवार तड़के करीब तीन बजे आसमानी कहर ने एक किसान की जिंदगी छीन ली। बारिश के दौरान खेत पर बने टपरे में सो रहे 38 वर्षीय किसान पर आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौके पर ही गंभीर रूप से झुलसने से मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि मृतक के परिवार में चीख-पुकार मच गई।

जानकारी के अनुसार, ग्राम बीरऊ निवासी रामराजा (राजाराम) यादव (38) रविवार रात करीब 10 बजे अपने खेत पर बने टपरे में सोने गए थे। देर रात मौसम ने अचानक करवट ली। तेज बारिश के साथ गरज-चमक शुरू हुई और तड़के करीब तीन बजे अचानक खेत पर बने टपरे पर आकाशीय बिजली गिर गई। बिजली की चपेट में आने से किसान गंभीर रूप से झुलस गए।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। गंभीर हालत में उन्हें तत्काल निजी वाहन से जिला अस्पताल लाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। अस्पताल से सूचना मिलने पर दिगौड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम कराया तथा मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया। बताया जा रहा है कि रामराजा यादव खेती-किसानी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। फसल की देखरेख के लिए वह अक्सर खेत पर बने टपरे में ही रात्रि विश्राम करते थे। किसी को अंदाजा नहीं था कि यह रात उनकी जिंदगी की आखिरी रात साबित होगी। इस हृदयविदारक घटना से पूरे बीरऊ गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने मृतक किसान के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। वहीं, लगातार हो रही बारिश और आकाशीय बिजली की घटनाओं को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों, खेतों और पेड़ों के नीचे रहने से बचने तथा सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।

### क्लीनिक संचालक डॉक्टर पर केस दर्ज

ललितपुर। शहर के राजघाट रोड स्थित एक फिजियोथेरेपी क्लीनिक के संचालक चिकित्सक के खिलाफ मजदूरी मांगने आए एक दलित युवक के साथ कथित रूप से गाली-गलौज, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग, धक्का-मुक्की और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने विशेष न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। मामले की विवेचना एससी/एसटी एक्ट के प्रावधानों के तहत क्षेत्राधिकारी (सीओ) सदर को सौंपी गई है। थाना मड़ावरा के ग्राम गिदवाहा निवासी राजकुमार पुत्र विनोद कोरी, निवासी ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि वह राजघाट रोड स्थित हैप्पी फिजियोथैरेपी, नैचुरोपैथी एंड पंचकर्म क्लीनिक में लेबर और मरीजों की देखरेख का कार्य करता था। क्लीनिक का संचालन डा.तेजस्व श्रीवास्तव द्वारा किया जाता है। 8 अप्रैल 2026 को उसे चार हजार रुपये प्रतिमाह वेतन पर काम पर रखा गया था।

# हरिहर काका के प्रभावशाली मंचन ने मोहा दर्शकों का मन

### 25 दिवसीय नाट्य कार्यशाला का हुआ भव्य समापन, प्रस्तुति को मिली खूब सराहना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ टीकमगढ़





संस्कृति विभाग अंतर्गत मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय द्वारा आयोजित 25 दिवसीय नाट्य कार्यशाला का रविवार को भव्य समापन हुआ। समापन समारोह में सुप्रसिद्ध कथाकार मिथिलेश्वर की चर्चित कहानी हरिहर काका पर आधारित नाटक का प्रभावशाली मंचन किया गया, जिसने अपनी सशक्त प्रस्तुति, जीवंत अभिनय और मार्मिक संवादों से दर्शकों को अंत तक भाव-विभोर बनाए रखा। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के निदेशक संजय श्रीवास्तव, पूर्व विधायक राकेश गिरी एवं अभिषेक खरे रानू ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अतिथियों ने कार्यशाला के प्रतिभागियों की मेहनत की सराहना करते हुए रंगमंच को समाज में सकारात्मक बदलाव का प्रभावी माध्यम बताया। नाटक में निःसंतान वृद्ध किसान हरिहर काका की संवेदनशील कहानी को मंच पर जीवंत किया गया। प्रस्तुति के माध्यम से परिवार, समाज और धार्मिक तंत्र के बीच संपत्ति को लेकर पनपते स्वार्थ, रिश्तों के टूटते मायने और ग्रामीण जीवन की वास्तविकताओं को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। नाटक ने यह संदेश दिया कि रिश्तों की वास्तविक नींव प्रेम, विश्वास और मानवीय संवेदनाओं पर टिकी होती है, न कि संपत्ति और स्वार्थ पर।

मिथिलेश्वर की कालजयी रचना पर आधारित इस नाट्य प्रस्तुति में ग्रामीण परिवेश, सामाजिक विषमताओं, धार्मिक आडंबर, पारिवारिक विघटन और मानवीय लालच का यथार्थपरक चित्रण किया गया। कलाकारों के सशक्त अभिनय और प्रभावशाली संवादों ने दर्शकों को कहानी के प्रत्येक दृश्य से जोड़े रखा और प्रस्तुति को भरपूर सराहना मिली। उक्त नाटक में ब्रजकिशोर नामदेव ने हरिहर काका की मुख्य भूमिका निभाई। राजेश विश्वकर्मा, कार्तिक सोनी, कुलदीपक शर्मा, शबनम, मानसी फ़िज़ा, प्रिंस, आदर्श, योगेंद्र, मनोज, प्रसन्न मिश्रा, अखंड, वृंदावन, प्रसून तथा फ़िज़ा रंगरेज़ सहित सभी कलाकारों ने अपने-अपने पात्रों का प्रभावशाली अभिनय कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। समापन समारोह में बड़ी संख्या में कला एवं साहित्य प्रेमी, बुद्धिजीवी तथा शहर के नागरिक उपस्थित रहे। 25 दिवसीय कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों ने अभिनय, संवाद अदायगी, मंच संचालन और रंगमंच की विभिन्न तकनीकी बारीकियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। समापन प्रस्तुति ने यह साबित किया कि टीकमगढ़ में रंगमंच के क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, बल्कि उन्हें उचित मंच और मार्गदर्शन मिलने पर वे अपनी कला से समाज को सार्थक संदेश देने में सक्षम हैं।

# धजरई पंचायत की बैठक में विकास कार्यों को मिली हरी झंडी

**शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने का भी प्रस्ताव सहित गौशाला व जनकपुर विकास कार्यों पर बनी सहमति**

**टीकमगढ़।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत धजरई में पंचायत की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें गांव के विकास कार्यों, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार तथा शासकीय संपत्तियों को अतिक्रमण मुक्त कराने सहित कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए आधारभूत सुविधाओं के विकास पर जोर दिया। बैठक की अध्यक्षता सरपंच लक्ष्मीबाई विश्वकर्मा ने की। इस दौरान पंचायत सचिव प्रभु दयाल यादव ने विभिन्न विकास कार्यों से संबंधित प्रस्ताव सदन के समक्ष प्रस्तुत किए, जिन पर चर्चा के बाद स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि गांव में पंचम लोधी के मकान से नाले तक नाली निर्माण कराया जाएगा, जिससे बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से ग्रामीणों को राहत मिल सके। इसके अलावा काली माता मंदिर के पास हैंडपंप स्थापित करने एवं सीसी रोड निर्माण का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया, जिससे स्थानीय लोगों को पेयजल एवं आवागमन की बेहतर सुविधा मिल सकेगी। पंचायत ने गांव में शासकीय भवनों और शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण हटाने का भी महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि सरकारी संपत्तियों को अतिक्रमण मुक्त कर उनका उपयोग सार्वजनिक हित के कार्यों में किया जाएगा। बैठक में ग्राम जनकपुर में सीसी रोड निर्माण का प्रस्ताव भी समिति द्वारा अनुमोदित किया गया। साथ ही गौशाला समिति के संचालन, व्यवस्थाओं और आवश्यक सुधारों को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई तथा गौ संरक्षण से जुड़े विषयों पर आवश्यक सुझाव दिए गए। बैठक में सरपंच लक्ष्मीबाई विश्वकर्मा, सचिव प्रभु दयाल यादव सहित पंच प्रकाश, पंचम लोधी, चंदाबाई अहिरवार, मानकुवर लोधी, रामकली आदि रहे मौजूद।

## परिजनों ने झाड़-फूंक की कहानी सुनाकर पुलिस को किया था गुमराह

# रूढ़िवादी संकीर्ण मानसिकता के चलते दादी बनी पोती की हत्यारिन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पलेरा



सरकार जहां बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, लाड़ली लक्ष्मी और लाड़ली बहना जैसी महिला उत्थान योजनाओं के माध्यम से बेटियों को सम्मान और सुरक्षा देने का संदेश दे रही है, लेकिन बुंदेलखंड के ग्रामीण अंचलों में आज भी बेटियों के जन्म को लेकर मौजूद पुरानी रूढ़िवादी, संकीर्ण और नकारात्मक भेदभावपूर्ण मानसिकता, मासूम जिंदगियां निगल रही है। इसी प्रकार का दिल दहला देने बाला मामला टीकमगढ़ जिले के पलेरा थाना क्षेत्र के बन्नेबुजुर्ग गांव में सामने आया है जिसने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया। यहां महज 20 दिन की मासूम बच्ची की हत्या किसी बाहरी व्यक्ति ने नहीं, बल्कि उसकी अपनी दादी ने केवल इसलिए कर दी क्योंकि वह बेटी थी।

घटना की सूचना मिलने के बाद मामला पूरी तरह रहस्यमय दिखाई दे रहा था। परिजनों ने पुलिस को गुमराह करने के लिए बच्ची की बीमारी और झाड़-फूंक के बाद मौत होने की कहानी सुनाई, लेकिन पलेरा थाना प्रभारी प्रीति भार्गव ने अनुभव, सूझबूझ और वैज्ञानिक जांच के आधार पर इस अंधी गुत्थी की परत-दर-परत सच्चाई उजागर कर दी। पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर आरोपी दादी रेखा आदिवासी (45) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। जानकारी के अनुसार, मृत मासूम 20 दिन की मनीषा अपनी मां पुक्खन आदिवासी के साथ सो रही थी। रविवार तड़के करीब तीन बजे दादी रेखा चुपचाप बच्ची को उठाकर अपने साथ ले गई। कुछ देर बाद वह बच्ची को वापस उसकी मां के पास लिटाकर चली गई। जब काफी देर तक बच्ची के शरीर में कोई हरकत नहीं हुई तो मां को संदेह हुआ। उसने बच्ची को उठाकर देखा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई और पुलिस को सूचना दी गई। शुरुआती पूछताछ में परिवार ने बच्ची की मौत को बीमारी और झाड़-फूंक से जोड़ने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस को घटनाक्रम संदिग्ध लगा। थाना प्रभारी प्रीति भार्गव ने घटनास्थल के हर पहलू का बारीकी से परीक्षण कराया और लगातार पूछताछ के दौरान बयान बदलने पर शक गहरा गया। वैज्ञानिक साक्ष्यों और मनोवैज्ञानिक पूछताछ के आधार पर आखिरकार आरोपी दादी रेखा टूट गई और उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी दादी रेखा आदिवासी अपनी नातिन के जन्म से ही नाराज थी। उसका मानना था कि बेटीयां परिवार पर बोझ होती है, उसके पालन-पोषण और विवाह में खर्च करना पड़ता है तथा समाज के सामने झुकना पड़ता है। इसी पुरानी रूढ़िवादी संकीर्ण सोच और नकारात्मक मानसिकता के चलते उसने अपनी ही 20 दिन की पोती का गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। मृत बच्ची की मां पुक्खन आदिवासी ने भी पुलिस को बताया कि बेटी के जन्म के बाद से उसकी सास का व्यवहार पूरी तरह बदल गया था। उसका पति धनीराम दिल्ली में मजदूरी करता है, जिससे वह घर पर अपनी सास के साथ रहती थी। उसने आरोप लगाया कि उसकी सास उसे प्रताड़ित करती थी और कई बार खाना तक नहीं देती थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी महिला रेखा को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई जिले में महिला संबंधी गंभीर अपराधों के आरोपियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में की गई। इस पूरे मामले की गुत्थी सुलझाने में थाना प्रभारी प्रीति भार्गव की विवेकपूर्ण जांच और टीम की सतर्कता निर्णायक साबित हुई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रीति भार्गव एवं एफएसएल अधिकारी प्रदीप यादव सहित पुलिस टीम के एनडी कोंदर, संतोष सिंह, फूलचन्द्र, रमाशंकर, बालकिशन, रामकिशन, ग्यासी, प्रधान आरक्षक परशुराम, ध्रुव पटैरिया, ललित, प्रवेन्द्र, ज्ञानसिंह, अजय राजपूत, संतोष कुमार, रामचन्द्र, मनोज सिंह, शिवदयाल, कुलदीप चतुर्वेदी, सुनील, शुभम दीक्षित, सुमित दुबे, नीतू विश्वकर्मा एवं मोनिका मुवेल की सराहनीय भूमिका रही।

### “देर आए दुरुस्त आए” की तर्ज पर नपा ने लिया फैसला

# पुरानी लाइब्रेरी के स्थान पर बनेगा शॉपिंग मॉल, संवरेगी शहर की सूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर में जय स्तंभ के पास स्थित पुरानी लाइब्रेरी (पुराना टेलीफोन एक्सचेंज भवन) जिसे नगर पालिका परिषद ने कभी बेचने का फैसला किया था अब उक्त स्थल पर शॉपिंग मॉल बनाया जाएगा यह निर्णय नगरपालिका परिषद ने ले लिया है, इस आशय के कयास रविवार को ग्वालियर में अग्रवाल समाज के शिष्ट मंडल के द्वारा विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को सौपे ज्ञापन से लग रहा है। जिसमें उक्त जमीन पर महाराजा अग्रसेन के नाम से शॉपिंग मॉल बनाने की मांग की गई है, विधानसभा अध्यक्ष से मिले शिष्ट मंडल में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजीत गर्ग भी शामिल थे। लोगों का कहना है कि नामकरण कुछ भी हो लेकिन जनता की धरोहर को बेचने के बजाय उसे विकसित करने का नगर पालिका परिषद का निर्णय सराहनीय है। ज्ञात हो कि नगरपालिका ने पहले उक्त जमीन को नीलाम करने के लिए टेंडर विज्ञप्ति निकाली थी जिसे परिषद की स्वीकृति नहीं मिली थी।

शहर का हृदय स्थल माने जाने वाले जयस्तंभ पर पुराना टेलीफोन एक्सचेंज जिसे नगर पालिका ने दूर संचार व्यवस्थाएं चालू कराने के उद्देश्य से किराए से दिया था चूंकि दूरसंचार विभाग ने अपनी बिल्डिंग दूसरे जगह बना ली थी और ऑफिस भी वही शिफ्ट कर लिया था लेकिन इसके बाद यह बिल्डिंग अनुपयोगी हो गई थी बिल्डिंग को खाली कराने को लेकर नगर पालिका और टेलीफोन एक्सचेंज विभाग के बीच हाई कोर्ट में मामला लंबे समय तक चला बाद में दोनों पक्षों ने आपसी समझौता कर बिल्डिंग को खाली करा लिया। खाली हुई बिल्डिंग के बाद नगर पालिका परिषद ने उक्त बिल्डिंग को बोली लगाकर बेचने का निर्णय लिया था पर परिषद में रखे गए इस बिंदु को पार्षदों ने खारिज कर दिया था। जिसके बाद अब नगर पालिका ने उक्त स्थल पर शॉपिंग मॉल बनाने का निर्णय लिया है और शॉपिंग मॉल 'महाराजा अग्रसेन' के नाम से बने इसके लिए जिले के लोकप्रिय और सर्व माननीय नेता नरेंद्र सिंह तोमर को अग्रवाल समाज ने मांग पत्र भी सोपा है।



### कभी था वाचनालय और आयुष हॉस्पिटल

जिस जमीन पर नगर पालिका शॉपिंग बनाने जा रही है वहां पर टेलीफोन एक्सचेंज से पहले शहर में जनमें राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि गजानंद माधव मुक्तिबोध के नाम से वॉचनालय एवं पुस्तकालय तथा आयुष हॉस्पिटल संचालित हो रहा था। जहां वेद हकीम बैठकर लोगों का इलाज कर निशुल्क दवा वितरण करते थे इस अस्पताल का संचालन भी नगर पालिका परिषद अपनी मद से करती थी जिसमें नागरिकों को निशुल्क दवाई उपलब्ध कराना शामिल था लेकिन जब मोबाइल क्रांति आई तो श्योपुर में मोबाइल सेवा शुरू करने के लिए भवन और टावर लगाने के लिए उपयुक्त स्थान की जरूरत थी और दूरसंचार विभाग ने उसके लिए यह स्थान मांगा था क्योंकि मोबाइल की सेवा उस समय बेहद जरूरी और बड़ी सौगात थी इसलिए आनन फानन में वॉच नालय एवं औषधालय वहां से खाली कर नगर पालिका भवन में शिफ्ट कराया और यह भवन टेलिफोन एक्सचेंज को किराए पर दे दिया था।

### पहले भी बनी थी शॉपिंग मॉल बनाने की योजना

यह पहला अवसर नहीं है जब इस स्थल पर शॉपिंग मॉल बनाने की योजना बनाई गई हो इससे पहले भी उक्त स्थल पर शॉपिंग मॉल की डीपीआर तैयार की थी तब नगर पालिका में मीरा गर्ग अध्यक्ष थीं तब कलेक्टर जेबी पाटील के निर्देश पर नगरपालिका ने टेलीफोन एक्सचेंज के साथ गांधी मार्केट और उससे लगे पीडब्लूयुडी वर्कशॉप एवं जिला पंचायत अध्यक्ष निवास को लेकर बृहद शॉपिंग मॉल बनाकर लोगों को रोजगार दिलाने और शहर की सुंदरता बढ़ाने के काम के लिए डीपीआर बनवाई थी। लेकिन अब यह वृद्ध योजना इसलिए असफल हो गई है क्योंकि गांधी मार्केट के बाद पढ़ने वाले पीडब्ल्यूडी के वर्कशॉप को प्रशासन बोली लगाकर बेच चुका है ऐसी स्थिति में नगर पालिका के पास अब सिर्फ पुराना टेलीफोन एक्सचेंज भवन वाली जमीन ही बची है। जिस पर मिनी शॉपिंग मॉल ही बन सकेगा।

### इनका कहना...

पुराने टेलीफोन एक्सचेंज की बिल्डिंग बेहद जर्जर थी जनहित को ध्यान में रखते हुए उसे गिराया जाना जरूरी था। गिराए जाने के बाद अब वहां शॉपिंग मॉल बनाने की डीपीआर तैयार की गई है। नामकरण करने का काम परिषद का है परिषद जैसा निर्णय लेगी वैसा किया जाएगा।

**आरके जाटव**
**सीएमओ श्योपुर**

### छात्रावास व आश्रमों का निरीक्षण करने के लिए अधिकारी नियुक्त

# 15 दिन में नहीं दी लोक सेवा तो 16 वें दिन स्वत: लग जाएगी पेनल्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित समय सीमा की बैठक के दौरान अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने कहा कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत विभिन्न प्रकार की लोक सेवा प्रदान करने के लिए पदाभिहित अधिकारी समय पर लोक सेवाओं को प्रदान करें, अन्यथा समय अवधि से बाहर होने के 15 दिन पश्चात 16वे दिन सॉफ्टवेयर के माध्यम से अपने आप पैनल्टी लग जायेगी। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी नियमित रूप से लोक सेवा से संबंधित आवेदनों का निराकरण समय अवधि में सुनिश्चित करें। बैठक में एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा, कराहल बीएस श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य, नवागत डिप्टी कलेक्टर पवन घुरैया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

टीएल बैठक में अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने निर्देश दिये कि जिला स्तर के जिन-जिन अधिकारियों को जिले के छात्रावास एवं आश्रम निरीक्षण हेतु आवंटित किये गये है, वे नियमित रूप से भ्रमण करें तथा व्यवस्थाओं में ओर अधिक सुधार के लिए सहयोग प्रदान करें।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपना पहला भ्रमण इसी सप्ताह कर प्रतिवेदन उपलब्ध करायें। अपर कलेक्टर ने बैठक के दौरान उर्वरक उपलब्धता की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि उर्वरक वितरण तथा भण्डारण की निगरानी की जाये तथा आवश्यकतानुसार खाद की आपूर्ति सुनिश्चित की जायें। कॉपरेटिव नोडल दिनेश गुप्ता ने जानकारी दी कि सोसायटियों के माध्यम से अभी तक 16 हजार 79 किसानों द्वारा उर्वरक प्राप्त किया गया है तथा सभी 47 सोसायटियों पर खाद की पर्याप्त उपलब्धता है। उप संचालक कृषि जीके पचौरिया ने जिले के संदर्भ में बताया कि 31 हजार 429 किसान ई-टोकन के माध्यम से खाद का उठाव कर चुके है तथा जिले के विभिन्न भण्डारण केन्द्रों पर 19 हजार 76 मैट्रिक टन खाद की उपलब्धता है। अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि जिले की प्रगति वर्तमान में 78.62 प्रतिशत है, ग्रेडिंग आने से पहले सभी विभाग ओर अधिक निराकरण सुनिश्चित करे। इसके साथ ही उन्होंने सभी निर्माण विभागों को निर्देश दिये कि पीएम श्रम मानधन योजना अंतर्गत श्रमिको के पंजीयन कराने के निर्देश भी दिये।

# इंदौर में आयोजित हुई श्रीगुर्जर गौड ब्राह्मण महासभा की साधारण सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जर गौड ब्राह्मण महासभा की मध्यप्रदेश प्रांतीय इकाई के तत्वावधान में एक साधारण सभा इंदौर में आयोजित की गई। जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों से आए राष्ट्रीय कार्यकारिणी से जुडे प्रतिनिधियों और समाजीय बंधुओ ने बडी संख्या में भाग लिया। इस साधारण सभा में अखिल भारतीय वर्षीयश्री गुर्जर गौड ब्राह्मण महासभा की श्योपुर जिले की महिला इकाई की जिलाध्यक्ष स्मिता गौतम ने भी शामिल होकर श्योपुर जिले का प्रतिनिधित्व किया।

इंदौर में आयोजित साधारण सभा में शामिल होकर वापस श्योपुर लौटी स्मिता गौतम ने बताया कि इस साधारण सभा में अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जर गौड ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश जोशी के समर्थन में सामाजिक एक जुटता दिखाई गई। इसके साथही पुष्कर में महासभा के कार्यालय निर्माण के लिए भी निर्णय लिया गया। इस साधारण सभा के आयोजन के लिए इंदौर जिला इकाई के द्वारा सराहनीय प्रबंध किए गए। साधारण सभा का समापन सह भोज के साथ किया गया। इस साधारण सभा के आयोजन में महिला कार्यकारिणी की राष्ट्रीय अध्यक्ष माया त्रिवेदी, मप्र की प्रांतीय महिला कार्यकारिणी अध्यक्ष प्रीति पुरोहित, महामंत्री शीला शर्मा की भूमिका भी अहम रही है।

# इनवर्टर-बैटरी की दुकान में लगी आग बैटरियां और इलेक्ट्रॉनिक सामान जला

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के पाली रोड स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक एवं इनवर्टर-बैटरी की दुकान में सोमवार को अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास के दुकानदार और स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए तथा आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। काफी मशक्कत के बाद लोगों ने आग पर काबू पा लिया। इस दौरान दुकान में रखा इलेक्ट्रिक सामान और कई बैटरियां जलकर खराब हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गजानंद गौड की दुकान में आग लगते ही धुआं और लपटें उठने लगीं। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल पानी और अग्निशमन के उपलब्ध साधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड को भी बुलाया गया, लेकिन उसके मौके पर पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पा लिया। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, लेकिन दुकान में रखा इलेक्ट्रॉनिक सामान और इनवर्टर बैटरियों को नुकसान पहुंचा है। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों की पुष्टि नहीं हो सकी है।



# रिश्ता शर्मसार, बहू से दुष्कर्म कर ससुर फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बडौदा थाना क्षेत्र में ससुर बहू के रिश्तो को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है,जहां एक ससुर बहू के साथ दुष्कर्म करके फरार हो गया है। बहू की शिकायत पर पुलिस ने ससुर के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। लेकिन अभी ससुर पकडा नहीं गया है। डीएसपी सतीश सिंह चैहान ने बताया कि रिश्तो को शर्मसार करने वाली यह वारदात करीब दो सप्ताह पुरानी है। लेकिन पीडिता इस मामले की एफआईआर दर्ज कराने के लिए अब थाने आई है। 35 वर्षीय पीडित महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि जब उसका पति काम से बाहर गया था,तभी दिन के समय ससुर ने मौका देखकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म कर दिया। पति के बाहर होने के कारण अभी तक चुप रही। जब पति घर लौटा,तब थाने आकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। डीएसपी चैहान ने बताया कि पीडिता की रिपोर्ट पर उसके ससुर के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है।

# श्योपुर मंडी में कृषक विश्राम गृह की स्वीकृति पर भाजपा नेता ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



जैदा स्थित कृषि उपज मंडी श्योपुर में फसल बेचने आने वाले किसानों के लिए आधुनिक विश्रामगृह स्वीकृत होने पर भाजपा नेता चौधरी गिर्राज सिंह ने मप्र सरकार का आभार जताया है। ज्ञात हो कि इस संबंध में चौधरी गिर्राज सिंह पूर्व से ही मंत्रियों से पत्राचार कर किसानों के लिए श्योपुर मंडी में विश्राम गृह बनाए जाने की मांग लंबे समय से करते आ रहे थे।

चौधरी गिर्राज सिंह ने विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंसाना एवं वन विकास निगम के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) रामनिवास रावत का आभार किसानों के लिए विश्रामग्रह स्वीकृत करने पर जताया हैं। उन्होंने कहा कि वह जब कांग्रेस में थे तब लंबे समय से इस विश्रामगृह की मांग करते चले आ रहे थे एक बार तो विधानसभा में भी इस मामले को रखवाया गया था लेकिन तब कांग्रेस सरकार ने इसे अस्वीकृत कर दिया था अब विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर एवं वन विकास निगम अध्यक्ष रामनिवास रावत के प्रयासों से यह संभव हो पाया है। दूर दराज गांवों से फसल बेचने आने वाले किसान जिन्हें कई बार दो-दो दिनों तक मंडी में रुकना पड़ जाता है ऐसी स्थिति में वह सुविधायुक्त विश्राम गृह में आराम कर सकते हैं जरूरत पड़ने पर वहां ठहर भी सकेंगे। उन्होंने कहा कि अब किसी किसान को धूप और बारिश से बचने के लिए ट्रॉली के नीचे शरण लेने को मजबूर न होना पड़ेगा।

## बड़ौदा और विजयपुर को मिले एल्डरमैन, श्योपुर को इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

नगरीय प्रशासन विभाग ने सोमवार को प्रदेश की सभी नगर परिषदों में एल्डरमैन (वरिष्ठ पार्षद) की नियुक्ति कर दी है। जिसमें जिले की दोनों नगर परिषद बड़ौदा एवं विजयपुर भी शामिल हैं। बड़ौदा नगर परिषद में महावीर कुशवाह, भगवती खटीक, संगीता शर्मा, अशोक गौतम को एल्डरमेन नोमीनेट किया है वहीं विजयपुर नगर परिषद में कैलाश सिरोठिया, भगवान सिंह कुशवाह, प्रेम बाबू शाक्य एवं ब्रज मोहन शर्मा को एल्डरमेन नॉमिनेट किया है। यह एल्डरमैन अब नगर परिषद की होने वाली बैठकों में उपस्थित रहकर परिषद को अपनी महत्वपूर्ण सलाह देकर विकास कार्यो में सहयोग कर सकेंगे।

### आईटीआई में महिलाओं के प्रवेश हेतु 35 प्रतिशत सीटें आरक्षित

श्योपुर। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं श्योपुर, विजयपुर, कराहल में ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया प्रचलन में है, वर्तमान सत्र में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए महिलाओं के 35 प्रतिशत सीटे महिलाओं के लिए आरक्षित की गई है तथा प्रवेश शुल्क में 25 प्रतिशत की कमी की गई है। जिले की तीनो आईटीआई में 516 सीटे उपलब्ध है, इसके अंतर्गत स्टेनोग्राफर (हिन्दी), कोपा, डीजल मैकेनिक, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, कोस्मेटोलॉजी, वेल्डर, इलेक्ट्रीक मोटर व्हीकल, सोलर टेक्नोलॉजी आदि ट्रेड में प्रवेश लिया जा सकता है।

### मोबाइल टावर पर चढ़ी महिला दूसरे दिन भी नहीं उतरी,हलक में अटकी प्रशासन की जान

# 50 फीट ऊंचे टावर पर बैठकर जमीन पर खड़े अफसरों से संवाद कर रही महिला, नतमस्तक दिख रहा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

अपनी जमीन अधिग्रहण होने से बचाने के लिए वीरपुर में रविवार को जो महिला 50 फीट ऊंचे बीएसएनएल टॉवर पर चढ गई थी उसे दूसरे दिन भी नीचे नहीं उतारा जा सका है। महिला के नीचे नहीं उतरने से प्रशासन की जान हलक में अटक गई है। बड़ी संख्या में टावर के आसपास पुलिसकर्मी और प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी डेरा जमाए बैठे हैं। मजे की बात तो यह हो रही है कि 50 फीट ऊंचे टावर पर बैठी महिला से अफसरों के संवाद लगातार हो रहे हैं और महिला जैसा बोल रही है वैसा वह कर भी रहे हैं लेकिन महिला की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। अब उसकी मांग उक्त जमीन पर उसे काबिज कराने पर अटक गई है और काबिज तब होगी जब वह टावर से नीचे उतरेगी।

रविवार की सुबह आठ बजे के आसपास वीरपुर कस्बे में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के सामने स्थित बीएसएनएल के टॉवर पर चढी महिला रमा पत्नि बाबूलाल रावत निवासी लीलदा का आरोप है कि प्रशासन उसकी जमीन का गलत सीमांकन करके उसे छीनने का प्रयास कर रहा है। सूचना मिलने पर एसडीओपी और टीआई ने मौके पर पहुंच कर महिला को नीचे उतरकर बात करने का प्रस्ताव रखा जिसे उसने ख़ारिज कर दिया बाद में एसडीएम विजयपुर और वीरपुर तहसीलदार ने भी मौके पर पहुंचकर महिला को टॉवर से नीचे उतरने की समझाइस दी इस दौरान एसडीएम ने उसे भरोसा दिलाया कि उसके साथ कोई अन्याय नहीं होगा वह उन्हें अपनी समस्या नीचे उतरकर बताए लेकिन महिला पूरा दिन गुजर जाने के बाद रात भर टॉवर से नीचे नहीं उतरी और महिला के टॉवर चढने के ड्रामे को देखने के लिए बडी संख्या में लोगो की भीड मौके पर लग गई। इस दौरान राजस्व विभाग 50 फीट उंचे टावर पर बैठी महिला से दूसरे दिन भी संवाद करता और उसे मनाने का प्रयास रहा तथा महिला द्वारा की जा रही मांग को पूरा करने का आश्वासन देता रहा लेकिन महिला मानने को तैयार नहीं हुई।



### प्रशासन जमीन का पुनः सीमांकन को तैयार,फिर भी महिला नहीं उतरी नीचे

जो महिला दो दिनों से टावर पर बैठी है उसका आरोप है कि प्रशासन के अधिकारी उसकी श्यारदा में मौजूद जमीन का गलत सीमांकन करके उससे छीनने का प्रयास कर रहे है। यदि उसकी जमीन छिन गई तो उसके परिवार के समक्ष भूखो मरने का संकट खड़ा हो जाएगा। महिला का कहना है कि उसकी जमीन का गलत सीमांकन करने वाले अफसरों को हटाया जाए और उसकी जमीन का सही सीमांकन कराया जाए। इस संबंध में एसडीएम ने उसे आश्वासन दिया है कि उसकी जमीन का उसकी मौजूदगी में दोबारा से सीमांकन करा दिया जाएगा लेकिन महिला की मांग अब और बढ़ गई है उसकी मांग है की उसे उसकी जमीन पर दोबारा से काबिज कराया जाए वह तब उतरेगी अब पुलिस और प्रशासन भी उसे आश्वासन दे रहा है कि वह नीचे उतर आए उसे अपनी जमीन पर कब्जा भी दिलवा दिया जाएगा पर महिला को डर है कि नीचे उतरते ही पुलिस उसे अभीरक्षा में ले लेगी यही कारण है कि मांगे माने जाने के बावजूद महिला नीचे नहीं उतर रही है।

### प्रशासन ने रोकी पेयजल परियोजना की कार्रवाई

महिला के टावर पर चढ़ने के बाद प्रशासन के भी हाथ पांव फूले दिखाई पड़ रहे है। प्रशासन ने अब उस पेयजल परियोजना का निर्माण ही फिलहाल रोक दिया है जिसके विवाद में महिला टावर पर चढी है। ज्ञात हो की चंबल मल्टी विलेज स्कीम परियोजना अंतर्गत वीरपुर तहसील के ग्राम श्यारदा में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया जाएगा। इस परियोजना के लिए 782 करोड 11 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई है। जिसमें 385 गांव के 8 लाख 23 हजार 272 ग्रामीण आबादी को पेयजल की सुविधा होगी तथा स्थानीय स्तर पर 500 से 600 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। इस योजना के तहत ग्राम श्यारदा में 71.44 एमएलडी का जल शोधन संयंत्र बनाया जा रहा है। उक्त वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए ग्राम श्यारदा की 7.420 हेक्टयर शासकीय भूमि पीएचई विभाग को जिला प्रशासन द्वारा 7 जनवरी 2025 को आवंटित की गई है। आवंटित भूमि पर रामलखन पुत्र सुगन, श्रीनिवास पुत्र चेऊ, रामहेत पुत्र लालपत, हरिबिलास, मोहन पुत्र होरीलाल, अमर सिंह पुत्र होरीलाल, रामलखन पुत्र जीवन, नरेश पुत्र जीवन सभी जाति रावत निवासीगण ग्राम लीलदा तहसील वीरपुर का कब्जा होने से राजस्व न्यायालय द्वारा 19 मई 2026 को बेदखली आदेश पारित किया गया और सीमांकन कर विभाग को मौके पर कब्जा दिलाने की कार्यवाही प्रारंभ की गई।

### इनका कहना..

महिला को समझाइश दी गई है कि वह टावर से नीचे उतर आए, जो समस्या है उसे बैठकर सुलझा लिया जाएगा। लेकिन महिला कोई बात मानने को तैयार नहीं हो रही है। टावर पर चढी महिला कोई गलत कदम ना उठा ले इसलिए सुरक्षा कर्मी ऊपर भी नहीं जा सकता है।

**अभिषेक मिश्रा**
**एसडीएम विजयपुर**

# कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्योपुर बीएल प्रजापति के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय परिसर स्थित पॉक्सों विशेष न्यायालय परिसर में विधिक कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से पॉक्सों अधिनियम (लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम) से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यकम में उपस्थित बबीता होरा शर्मा तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा पॉक्सों कानून से जूड़े प्रावधानों, पीडित बच्चों को मिलने वाली कानूनी व चिकित्सीय सहायता और मामलों की त्वरित सुनवाई की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही नालसा की स्कीम- बच्चों के मैत्रीपूर्ण विधिक सहायता योजना विषय पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बबीता होरा शर्मा, तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, मनदीप कौर सेहमी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, अंकिता शांडिल्य, जिला विधिक सहायता अधिकारी, अधिवक्तागण व अन्य पक्षकारगण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### वीबीजीराम जी योजना अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित



श्योपुर। कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन तथा सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद के निर्देशन में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबीजी राम जी योजना अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान परियोजना अधिकारी वीबी जी राम जी योजना विक्रम जाट सहित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यंत्री, सहायक परियोजना अधिकारी तथा लेखापाल आदि उपस्थित रहें। प्रशिक्षण के दौरान परियोजना अधिकारी विक्रम जाट द्वारा जानकारी प्रदान की गई कि इस योजना के माध्यम से 125 दिवस तक का रोजगार प्रदान किया जा सकता है, इस योजना में भुगतान को समयबद्ध और पारदर्शी बनाया गया है। इस योजना में 4 प्रकार के कार्यो के क्रियान्वयन का प्रावधान किया गया है, जिसमें 313 प्रकार के कार्य शामिल है। उन्होंने जानकारी दी कि योजना के तहत जल सुरक्षा से संबंधित 107 प्रकार के विभिन्न कार्य किये जा सकेंगे, कोर रूरल इंफ्रास्ट्रेक्चर से संबंधित 90 प्रकार के ग्रामीण आजीविका से संबंधित 86 प्रकार के तथा विभिन्न प्रकार की आपदाओं के समय राहत पहुंचाने हेतु 35 प्रकार के कार्यो को शामिल किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने वीबी जी राम जी योजना अंतर्गत पोर्टल के संचालन के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया।

**खबर संक्षेप**

## दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत तायड़े कॉलोनी अशोकनगर निवासी तृप्ति रघुवंशी ने ससुराल पक्ष पर दहेज को लेकर मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किए जाने के बाद ससुराल पक्ष पर मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने प्रमोद, ममता, विश्ववीर, अरूणा, मोहन रघुवंशी निवासी कांकड़ा थाना नई सराय पर मामला दर्ज किया है।

## 22 मई को हुई घटना में चेन छीनने पर अब मामला दर्ज

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत पछाड़ीखेडा रोड निवासी जयकुमार पुत्र रतनलाल जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 22 मई को महाराज जी की अगवानी के समय कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा फरियादी व पीड़िता की सोने की 4 चेन व एक लोकेट को झपट कर ले गए थे, जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

## जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले किए गए दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत फतेहाबाद निवासी राजेश अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामप्रसाद अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत टोड़ा निवासी आशाबाई यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भरत सिंह यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम टोड़ा निवासी प्रवेश अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुरेन्द्र, पुष्पेन्द्र,जितेन्द्र और बिल्लाबाई यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से जोगेन्द्र सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि प्रवेश, अमर सिह और नीतू अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तगारी निवासी सुल्तान सिह आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुम्मा, रूपसिंह और अर्जुन आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत खचा मोहल्ला ईसागढ़ निवासी धनपाल केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गोलू, कुशवाह, कल्ला राठौर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बर्रा निवासी बंसती बाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अर्जुन अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## 34 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ा

**अशोकनगर।** हिनोतिया पछार निवासी विशनलाल पुत्र नारायण सिंह अहिरवार अशोकनगर की गंगा नगर कॉलोनी में निवासरत था। शनिवार की रात को उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों ने एक युवक पर आरोप लगाया है कि उसके द्वारा खाने में जहरीला पदार्थ मिलाया गया जिससे उसकी मौत हो गई है तथा साथ में यह भी आरोप लगाया है कि उसके द्वारा मृतक की पत्नी को ब्लैकमेल किया जा रहा था। शनिवार की रात को गुरूधाम कॉलोनी निवासी अनिल अहिरवार के साथ विशनलाल एक ढाबे पर खाना खाने गया था, मृतक के भाई प्रमेन्द्र अहिरवार की बात माने तो विशनलाल रात को दो बजे घर लौटा था, जहां उसकी तबीयत खराब हो गई, रात में ही परिवारजन उसे जिला अस्पताल में उपचार के लिए ले आए, रविवार की सुबह उसकी मौत हो गई। इस घटना में जो कहानी बताई जा रही है वह यह है कि अनिल अहिरवार का उनके घर पिछले कईं वर्षों से आना जाना था, वह विशनलाल की पत्नी को बहन मानता था। लेकिन पिछले तीन वर्षो से वह मृतक की पत्नि को बातचीत के लिए ब्लेकमेल कर रहा था,जिसे लेकर उनके बीच विवाद भी हुआ था। फिलहाल मामला जांच के घेरे में है।

### शहर में घूमने वाले बेसहारा पशुओं को रखा जाएगा

### आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर लग सकेगी रोक

# नगर पालिका 18 बीघा भूमि में कर रही नई गौशाला का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शहर में भले ही इतने पशुपालक न हो लेकिन शहर की सड़कों पर जरूर उससे अधिक पशु नजर आ रहे हैं। यह पशुपालकों के द्वारा रखे जाने वाले पशु नहीं है यह तो ग्रामीण अंचलों में रहने वाले पशुपालकों द्वारा अपनी फसलों को तैयार होने के समय इन पशुओं को गांव से शहर की ओर छोड़ दिया जाता है जिससे शहर की सड़कों पर पशुओं का डेरा लग जाता है। आप किसी भी मार्ग पर निकल जाए हर मार्ग पर ग्रामीण अंचलों से शहर की ओर आने वाले पशु आपको आसानी से देखने मिल जाएंगे।



### अखेबर धाम के समीप किया जाएगा गौशाला का निर्माण

इस तरह की समस्या को देखते हुए नगर पालिका अशोक नगर ने निर्णय लिया है कि अखेबर धाम के पास एक गौशाला का निर्माण किया जाए जिसके लिए 18 बीघा भूमि नगर पालिका को गौशाला निर्माण के लिए आवंटित हो गई है। नगर पालिका द्वारा इसके टेंडर भी लगाए गए हैं। नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने बताया कि इस 18 बीघा भूमि में गौशाला बनाकर उन पशुओं को रखा जाएगा जो पशु शहर में बेसहारा घूम रहे हैं। लगभग 500 पशुओं की क्षमता वाली गौशाला पर दो करोड़ चार लाख रुपए व्यय होंगे और पशुओं को यहां ग्रीष्मकाल, शीतकाल और वर्षा काल की अवधि में रखा जाएगा। उन्हें पर्याप्त मात्रा में चारा पानी और समय-समय पर उपलब्ध रहेंगे।

### पशुओं के चौराहों पर जमा होने से आए दिन हो रही घटनाएं

नगर पालिका द्वारा इस गौशाला का निर्माण किए जाने से अशोकनगर शहर में जो पशुओं की हर चैराहे पर भीड़ लगी रहती है उससे मुक्ति मिल सकेगी तथा आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में रोक लगाने का मौका मिल सकेगा। देखने में आ रहा है कि कई बार वाहन से पशु घायल हो जाते हैं तो कई बार पशुओं को बचाने में या तो बाइक सवार या कार सवार दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। इन सब चीजों को रोकने के लिए नगर पालिका ने एक गौशाला निर्माण का निर्णय लिया है। नगर पालिका गौशाला का संचालन करेगी और पशुओं को एक स्थान पर एक जगह रखने से उन्हें सुरक्षित रखा जा सकेगा। कहते हैं कि गाय में एक करोड़ 80 लाख देवी देवताओं का वास होता है लेकिन कहते सब हैं लेकिन मानता कोई नहीं है। अब नगर पालिका इसका पालन करने जा रही है ताकि सही अर्थों में गायों की रक्षा की जा सके।

### पूर्व में शहर में कांजी हाउस भी हुआ करता था

जिला मुख्यालय पर पहले नगरपालिका का कांजी हाउस हुआ करता था, जैसे जैसे शहर बदला, वैसे वैसे कांजी हाउस भी नगरपालिका के नक्से से गायब हो गया। उस समय कांजी हाउस में शहर में बेसहारा घूमने वाले पशुओं को रखा जाता था, यह प्रथा वर्षों से चली आ रही थीं, लेकिन पिछली परिषदों के कार्यकाल से ही कांजी हाउस शहर में लुप्त हो गया था, जिसके बाद वर्तमान परिषद के अध्यक्ष नीरज मनोरिया को नई गौशाला के निर्माण का निर्णय लेना पड़ा। यह गौशाला जल्द ही तैयार होगी।

अगर गौशालाओं की बात करें तो शहर में गोपाल गौशाला शहर की पुरानी गौशालाओं में से एक है, इस गौशाला के संचालन के लिए शासन द्वारा भूमि भी प्रदान की गई थी। इसी प्रकार जैन धर्म के आचार्य गुरूवर विद्यासागर जी महाराज की प्रेरणा से बड़े स्तर पर दयोदय पशुशाला केन्द्र का संचालन भी जैन समाज द्वारा वर्षों से किया जा रहा है, ताकि मूक पशुओं की रक्षा की जा सके। इस तरह के गौशालाएं शहर में बड़े स्तर पर दो ही हैं अन्य गौशाएं भी छोटे स्तर पर संचालित हो रही है वह समाज सेवियों द्वारा संचालित की जाती हैं।

## सिविल अस्पताल के निर्माण का रास्ता साफ केंद्रीय मंत्री के निर्देश पर चली जेसीबी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

नगर वासियों के लिए एक बेहद राहत भरी और बड़ी खबर सामने आई है। पिछले कई वर्षों से लंबित पड़े चंदेरी नगर के सिविल अस्पताल के निर्माण का रास्ता अब पूरी तरह साफ हो गया है। शनिवार को इस दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए प्रशासन द्वारा कृषि विभाग और जनपद पंचायत कार्यालय के सामने के हिस्से पर जेसीबी चलाकर अतिक्रमण और पुराने ढांचे को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दिए निर्देश

इस निर्माण कार्य की पुष्टि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने की है। शनिवार को मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र की जनता के स्वास्थ्य और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए दिशा की बैठक में इस संबंध में निर्देश जारी किए जा चुके हैं। सिंधिया ने कहा कि चंदेरी में बनने वाला यह आधुनिक सिविल अस्पताल वर्तमान जनपद पंचायत और कृषि विभाग के परिसर को तोड़कर उसी जगह (प्राइम लोकेशन) पर बनाया जाएगा, ताकि आम जनता को स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए भटकना न पड़े।

गौरतलब है कि चंदेरी में एक सर्व सुविधाजनक सिविल अस्पताल की मांग पिछले कई सालों से की जा रही थी, लेकिन तकनीकी और प्रशासनिक अड़चनों के कारण यह मामला अधर में लटका हुआ था। अब केंद्रीय मंत्री की सीधे दखल और शनिवार को हुई त्वरित प्रशासनिक कार्रवाई (जेसीबी द्वारा जगह साफ करने) के बाद क्षेत्र की जनता में भारी उत्साह है। शनिवार को हुई इस कार्रवाई से यह साफ़ संकेत मिल चुके हैं कि अब अस्पताल भवन का निर्माण कार्य बहुत जल्द धरातल पर शुरू होने जा रहा है। कृषि विभाग और जनपद परिसर के इस हिस्से की सफाई के बाद अब आगे की रूपरेखा तैयार की जा रही है। इस अस्पताल के बन जाने से चंदेरी सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों के हजारों मरीजों को इलाज के लिए जिला मुख्यालय या अन्य बड़े शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी।

# नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत जिलेभर में जन जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

15 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक संचालित किए जा रहे विशेष जन जागरूकता अभियान नशे से दूरी है जरूरी 2.0 के अंतर्गत अशोकनगर पुलिस द्वारा जिलेभर में निरंतर व्यापक जनजागरूकता गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं।इसी क्रम में थाना कोतवाली, देहात,सेहराई, बहादुरपुर, मुंगावली, शाढ़ौरा, ईसागढ़ एवं चंदेरी द्वारा आदिवासी बस्तियों, विद्यालयों, ग्रामीण क्षेत्रों एवं सार्वजनिक स्थानों पर आमजन, विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूक किया गया।



कार्यक्रमों के दौरान पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित नागरिकों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्परिणामों की जानकारी दी तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता का आह्वान किया। कोतवाली थाना क्षेत्र में सामाजिक न्याय विभाग के सहयोग से नशे की लत से प्रभावित व्यक्तियों को नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों की जानकारी उपलब्ध कराई गई तथा आवश्यक परामर्श एवं उपचार हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही उपस्थित लोगों को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों, जन प्रतिनिधियों,शिक्षकों एवं गणमान्य नागरिकों की सक्रिय सहभागिता रही।

## सर्प दंश से महिला की मौत

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम गोधन निवासी बबलीराजा पत्नी शंकर सिंह परमार उम्र 38 साल जब अपने मकान के आंगन में थी तभी सर्प ने उसे डस लिया जिसके बाद परिवार जन उसे चंदेरी अस्पताल में उपचार के लिए ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत मढ़ी नामदार निवासी गौतम पुत्र श्यामलाल पाल उम्र 21 साल ने अपने ही खेत में बने घर के पास फांसी लगाकर खुद कुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### राशि वापस मांगने पर सोते समय पत्थरों से हत्या कर दी थी

# महिला के खाते को आरोपियों ने पहले अपने खाते से लिंक किया और पीएम आवास की निकाल ली राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के कदवाया थाने के अंतर्गत एक महिला की पत्थरों से सोते समय हत्या कर दी गई थी। आरोपियों ने षडयंत्र पूर्वक महिला के खाते को पहले अपने खाते से लिंक कर लिया था और पीएम आवास की राशि निकाल ली थी। जब महिला ने राशि की मांग की तब आरोपियों ने महिला की हत्या कर दी थी। पुलिस ने 10 घण्टे में ही महिला की हत्या के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना की कहानी यह है कि 18 जुलाई को फरियादी बल्लू आदिवासी निवासी ग्राम कदवाया ने थाना कदवाया में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी दादी गोमा बाई आदिवासी की रात्रि में घर के बाहर सोते समय अज्ञात व्यक्तियों द्वारा पत्थरों से हमला कर हत्या कर दी गई है। रिपोर्ट पर थाना कदवाया में अपराध क्रमांक 88/2026 धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा तत्काल पुलिस टीम का गठन कर थाना प्रभारी कदवाया को प्रकरण में त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

तकनीकी जांच में पता चला कि चाटोली के एक आरोपी ने यह राशि दूसरे खाते में स्थानांतरित कर दी थी। पुलिस टीम द्वारा विवेचना के दौरान मृतिका के बैंक खाते एवं उससे संबद्ध मोबाइल नंबर की तकनीकी जांच की। जांच में पता चला कि मृतिका के खाते से संबद्ध मोबाइल नंबर प्रदीप गुर्जर निवासी ग्राम चाटोली से संबंधित था तथा उक्त नंबर से संचालित यूपीआई के माध्यम से खाते में प्राप्त राशि दिनांक 05 एवं 06 जुलाई 2026 को प्रदीप गुर्जर के पिता के बैंक खाते में स्थानांतरित की गई थी।



### महिला के राशि मांगने पर उसे रास्ते से हटाने के लिए हत्या की गई

साइबर विश्लेषण, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों तथा स्थानीय लोगों से पूछताछ के आधार पर घटना के समय प्रदीप गुर्जर एवं देवीसिंह आदिवासी की घटनास्थल के आसपास मौजूदगी की पुष्टि हुई। इसके बाद संदेही देवीसिंह आदिवासी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपने साथी प्रदीप गुर्जर के साथ हत्या करना स्वीकार किया। पूछताछ में सामने आया कि मृतिका को अपने खाते में आई आवास योजना की राशि की जानकारी हो जाने के बाद वह लगातार आरोपियों पर पैसे वापस दिलाने की कह रही थी। इसी कारण दोनों आरोपियों ने उसे रास्ते से हटाने की योजना बनाई। 17 जुलाई की रात्रि में लगभग 11.15 बजे दोनों आरोपी आदिवासी बस्ती पहुंचे, जहां गोमाबाई घर के बाहर चबूतरे पर सो रही थीं। आरोपियों ने उनके सिर पर बड़े पत्थरों से वार कर उनकी हत्या कर दी और मोटर साइकिल से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपी प्रदीप पुत्र मुलायम सिंह गुर्जर (23 वर्ष), निवासी ग्राम चाटोली एवं देवीसिंह पुत्र कन्हैराम आदिवासी (35 वर्ष), निवासी ग्राम राजगढ़ को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना के समय पहने गए रक्तरंजित कपड़े एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल जब्त की है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

# अशोकनगर में अभाविप के जिला सदस्यता कार्यालय का शुभारंभ

### विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए हेल्प डेस्क भी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अशोकनगर द्वारा जिला सदस्यता कार्यालय का शुभारंभ किया गया। कार्यालय का उद्देश्य अधिक से अधिक विद्यार्थियों को संगठन से जोड़ना, उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास करना तथा छात्रहित से जुड़े कार्यों को गति प्रदान करना है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रांत संगठन मंत्री रोहित दुबे जी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि अभाविप केवल छात्र संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सशक्त अभियान है। विद्यार्थी परिषद का प्रत्येक कार्य छात्रहित, समाजहित एवं राष्ट्रहित को समर्पित है। इस अवसर पर बताया गया कि जिला सदस्यता कार्यालय के माध्यम से जिले के विभिन्न महा विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों को सदस्यता अभियान से जोड़ा जाएगा। साथ ही कार्यालय पर विद्यार्थी हेल्प डेस्क भी संचालित की जाएगी, जहां प्रवेश, छात्रवृत्ति, परीक्षा, महाविद्यालय की समस्याओं तथा अन्य शैक्षणिक एवं छात्रहित से जुड़े विषयों पर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन एवं आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। विद्यार्थी अपनी समस्याएं कार्यालय में आकर साझा कर सकेंगे, जिनके समाधान के लिए परिषद निरंतर प्रयास करेगी। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने अधिक से अधिक विद्यार्थियों तक सदस्यता अभियान पहुंचाने तथा छात्रहित के प्रत्येक विषय पर सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। अभाविप ने जिले के सभी विद्यार्थियों से सदस्यता कार्यालय से जुड़कर राष्ट्र निर्माण के इस अभियान में सहभागी बनने का आह्वान किया।



### पुरुष वर्ग की कार्यकारिणी में मनीष बंसल बनाए गए जिला अध्यक्ष

# अग्रवाल समाज के संगठन को मिली नई ऊर्जा, मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा की जिला कार्यकारिणी का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सामाजिक एकता, संगठनात्मक मजबूती और सेवा कार्यों को नई दिशा देने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा की जिला इकाई के पुरुष एवं महिला वर्ग की नई कार्यकारिणी का गठन रविवार को संपन्न हुए चुनाव के उपरांत किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेश एवं संभागीय पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने समाजहित को सर्वोपरि रखते हुए पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और समर्पण के साथ कार्य करने की शपथ ली।

समारोह में मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मित्तल, प्रांतीय उपाध्यक्ष मधुर मोहन गुप्ता, कार्यकारिणी प्रांतीय महिला महासभा लता गुप्ता, प्रांतीय यूपी मीडिया प्रभारी विपिन अग्रवाल,



संभागीय अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, संभागीय अध्यक्ष योगिता अग्रवाल, संभागीय उपाध्यक्ष सीमा मित्तल, संभागीय महामंत्री अलका बिंदल तथा जिला अध्यक्ष रश्मि अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि समाज की उन्नति संगठन की एकजुटता में निहित है और नई कार्यकारिणी समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर सेवा, शिक्षा, संस्कार एवं सामाजिक उत्थान के कार्यों को गति प्रदान करेगी।

### पुरुष वर्ग की नई कार्यकारिणी का गठन

पुरुष वर्ग की कार्यकारिणी में मनीष बंसल को जिला अध्यक्ष, वेद प्रकाश गोयल जिला उपाध्यक्ष एवं पुनीत अग्रवाल को जिला कोषाध्यक्ष, अश्विनी अग्रवाल को जिला महामंत्री, रजनीश अग्रवाल को मीडिया प्रभारी तथा अंकित अग्रवाल एवं शोभित एरन को मंत्री बनाया गया। पुरूष वर्ग के सदस्यों में अमन अग्रवाल, नवल किशोर अग्रवाल, सुजल अग्रवाल, अर्चित अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, संजय अग्रवाल ;नेहा अग्रवालद्ध अतुल अग्रवाल बामौरी, मनीष अग्रवाल डब्बू, सुरेश अग्रवाल, आशीष अग्रवाल हैं।

महिला वर्ग की कार्यकारिणी में किरण अग्रवाल को अध्यक्ष, अर्चना बंसल को उपाध्यक्ष, संगीता अग्रवाल को महामंत्री, सुनीता अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, रश्मि अग्रवाल गंज मंत्री एवं प्रो. रश्मि अग्रवाल जयपुरी को तथा अंजू अग्रवाल को जिला प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। महिला सदस्यों में रीता अग्रवाल, माया अग्रवाल, रजनी अग्रवाल,मधु अग्रवाल, छाया अग्रवाल, संगीता बामौरी, संध्या अग्रवाल, संध्या अग्रवाल बलराम, संध्या अग्रवाल पुराना बाजार, प्रियंका अग्रवाल, प्रिंयका अग्रवाल मंगलश्री, पिंरयका बंसल, विनीता अग्रवाल,अनुजा अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, नेहा अग्रवाल सपना अग्रवाल सरिता अग्रवाल, स्नहो अग्रवाल, सुनीता सुभाष अग्रवाल, कविता अग्रवाल, संजना अग्रवाल, शैली अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल प्रीति बंसल, श्रद्धा अग्रवाल, सकुन अग्रवाल, सरिता बसंल, नीलम बामौरी, किरण प्रकाश अग्रवाल, रीनू अनिल अग्रवाल शामिल हैं।

## नर्वदेश्वर भगवान का भक्ति भाव से पूजन और अभिषेक किया



**अशोकनगर।** यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा गुप्त नवरात्रि के चलते पंचम दिवस के अवसर पर नर्वदेश्वर भगवान पर पूजन और पंचामृत से विधिवत अभिषेक किया गया। इस समय 10 महाविद्याओं का मानसिक पूजन किया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन नवार्ण मंत्र की 21 माला का जाप भी किया जा रहा है जिसमें श्री सूक्त से पूजन की जाती है एवं इससे दशांश हवन किया गया हवन से दशांश तर्पण किया जाता है एवं तर्पण से दशा अंश मार्जन किया जाता है। इस तरह की क्रिया प्रतिदिन रुद्राक्ष की माला पर बगैर प्रदर्शन किये यह क्रिया की जा रही है जिसमें श्रद्धा और भक्ति से सिद्धियां जो प्राप्त होती है। उनसे वाणी में सत्यता आती है एवं आशीर्वाद में जो दिया जाता है वह कार्य सिद्ध हो जाता है। यह क्रिया देवी भागवत के अनुसार की जाती है।